समाचार

राजस्व मंत्री ने किया बुधवारी बाजार में नवनिर्मित पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण

(हितग्राहियों को दी बधाई, प्रदान किए गए आबंटन पत्र)

कोरबा 09 अगस्त 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज बुधवारी बाजार में पौनी पसारी योजनांतर्गत निगम द्वारा निर्मित पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण किया। इस मौके पर कटघोरा विधायक एवं मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम कंवर, पाली–तानाखार विधायक श्री मोहितराम केरकेट्टा, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना पौनी पसारी योजनांतर्गत बुधवारी बाजार कोरबा, इतवारी बाजार, मुड़ापार बाजार एवं प्रेमनगर दर्री में पौनी पसारी बाजार का निर्माण करते हुए कुल 75 शेडयुक्त चबूतरें बनाए गए हैं, जिनमें से 15 चबूतरें बुधवारी बाजार में निर्मित हुए हैं। इन बाजारों में शौचालय, पेयजल, लाईट आदि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज बुधवारी बाजार में नवनिर्मित पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण किया। उन्होने फीता काटकर एवं लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर पौनी पसारी बाजार हितग्राहियों को सौपा। इस अवसर पर हितग्राहियों को चबूतरों के आबंटन पत्र उन्हें प्रदान किए गए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा परम्परागत व्यवसाय करने वाले लोगों को अपने व्यवसाय संचालन हेतु सर्वसुविधायुक्त स्थल उपलब्ध कराने व परम्परागत व्यवसाय को बढ़ावा देने के मद्देनजर पौनी पसारी योजना बनाई गई हैं, इस योजना के अंतर्गत कोरबा में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 04 स्थानों पर शेडयुक्त चबूतरों का

निर्माण कर वहां आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। जिन हितग्राहियों को चबूतरों का आबंटन दिया जा रहा है, उनके जीवकोपार्जन के लिए एक सुविधापूर्ण स्थान प्राप्त होगा। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने योजना के सभी हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी।

इन हितग्राहियों को मिले आबंटन पत्र – राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के निर्देश पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी तथा अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को आबंटन पत्र प्रदान किए। आज जिन हितग्राहियों को चबूतरों के आबंटन पत्र प्रदान किए गए, उनमें महिला हितग्राहियों में श्रीमती उत्तरा, अहिल्या कुम्हार, फूलबाई कुम्हार, पुष्पा कुम्हार, रामप्यारी कुम्हार, रामबाई कुम्हार, तीरबेनी बाई सारथी तथा पुरूष हितग्राहियों में श्री अशोक, प्रहलाद कुम्हार, गणेशराम कुम्हार, मोहम्मद सिद्दीकी, शिवा सारथी, मनोज निर्मलकर, कौशल प्रसाद श्रीवास आदि हितग्राही शामिल हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं पार्षद सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, एम. आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, पार्षद दिनेश सोनी, राजेन्द्र सूर्यवंशी, शैलेन्द्र सिंह अनुज जायसवाल, मनीराम साहू, एल्डरमेन आरिफ खान, एस.मूर्ति, संगीता सक्सेना, रूपा मिश्रा, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल व महेन्द्र सिंह चौहान, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, ठाकुर अवधेश सिंह, प्रभात डडसेना, आनंद पालीवाल, जगदीश यादव, राजेश यादव, निगम के अधीक्षण एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता एच.आर.बघेल, आकाश अग्रवाल, अरूण बघेल, अशोक बनाफर, भावेश यादव सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिकगण उपस्थित थे।